**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**15.09.2025/प्रादेशिक समाचार/1500 बजे**

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज भरमौर सहित चंबा विधानसभा क्षेत्र के आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक की ये सबसे बड़ी त्रासदी हुई है और ज़िला चंबा में भारी नुकसान हुआ है। राज्यपाल ने संकट की इस घड़ी में समाज के सभी वर्गों से आपदा प्रभावितों की मदद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद के लिए सरकार अपने स्तर पर कार्य कर रही है। उन्होंने आपदा की इस घड़ी में किसी भी तरह की राजनीति न करने की अपील की है।

---

**इंजीनियर्स दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने आज इंजीनियर दिवस के अवसर पर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एम विश्वेश्वरैया की प्रतिभा ने भारत के इंजीनियरिंग परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर एक विकसित भारत के निर्माण के सामूहिक प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इंजीनियरों की दूरदर्शिता, नवाचार और समर्पण देश को तकनीकी प्रगति के शिखर पर तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं।

---

**सिकंदर कुमार**

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महासचिव डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि जी.एस.टी. सुधार को लेकर भाजपा 15 अक्तूबर तक राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्तरों पर प्रेस वार्ताएं, संगोष्ठियां और बुद्धिजीवि सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा पंचायत स्तर से लेकर नगर निगम तक जी.एस.टी. सुधार को लेकर केंद्र सरकार के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया जाएगा। सिकंदर कुमार ने कहा

कि प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

---

**स्थापना दिवस**

दूरदर्शन आज अपनी शानदार यात्रा के 66 वर्ष पूरे कर रहा है। भारत में 15 सितंबर 1959 में दूरदर्शन से प्रसारण युग का शुभारंभ हुआ था। पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद ने आज ही के दिन पहले प्रसारण का उद्घाटन किया था। 1975 तक दूरदर्शन आकाशवाणी का ही एक हिस्सा था। बाद में 1 अप्रैल 1976 को ये सूचना और प्रसारण मंत्रालय के एक अलग विभाग के रूप में सामने आया। आज, दूरदर्शन स्टूडियो और ट्रांसमीटरों के विशाल नेटवर्क के साथ भारत की सबसे बड़ी प्रसारण संस्था है।

---

**आयकर रिटर्न**

आयकर रिटर्न दाखिल करने की आज अंतिम तारीख है। इसके अनुसार आयकर रिटर्न आज रात 12 बजे तक भरा जा सकता है। आयकर विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित उस फर्जी खबर का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया था कि आयकर रिटर्न–आई.टी.आर. दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर से बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है।

---

**मौसम**

प्रदेश के कुछ जिलों में मानसून की वर्षा का क्रम आज भी जारी है। भारी वर्षा व भू स्खलन के कारण अभी भी सामान्य जनजीवन पटरी पर नहीं लौटा है। प्रदेश में इस मानसून सीजन में भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं में अभी तक 404 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 41 लोग लापता हैं। प्रदेश में 3 राष्ट्रीय उच्चमार्ग और 598 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बाधित हैं। इसके अलावा करीब 500 विद्युत ट्रांसफार्मर और एक सौ 84 पेयजल योजनाएं भी ठप्प पड़ी हैं। मौसम विभाग ने आज से 20 सितंबर तक मानसून की रफतार धीमी पड़ने और अधिकतर क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है।

---

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज नाहन विधानसभा क्षेत्र के धारटी इलाके में कई स्थानों पर जनसमस्याएं सुनीं। उन्होंने इन क्षेत्रों में भारी वर्षा से हुए नुकसान का भी जायज़ा लिया। उन्होंने इस क्षेत्र में बरसात के कारण नष्ट हुई फसलों पर भी चिंता जताई। राजीव बिंदल ने कहा कि धारटी क्षेत्र में ग्रामीण सड़कें काफी समय से बंद पड़ी हैं, जिससे स्थानीय लोगों को बेहद मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से बंद पड़ी सड़कों को जल्द बहाल करने का आग्रह किया है।